हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, रविवार 19 मई 2024

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्र मवई में हुआ वालीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन

मण्डला। पुलिस द्वारा लगातार ग्रामीण अंचल के थाना चौकियों में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता हैं जिसमें आस पास के क्षेत्रों के गावों में खेल को लेकर काफी उत्साह देखने को मिलता हैं। वहीं सामुदायिक पुलिस के तहत आयोजनों में जनता एवं पुलिस के बीच आपसी सामंजस्य एवं मैत्रीपूर्ण वातावरण के विकास में काफी सहायक सिद्ध होती हैं व क्षेत्र के रहवासियों की सामान्य समस्याओं से रूबरू होने का अवसर भी मिलता है। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आज दिनाँक 18/05/2024 को मंडला जिलें के नक्सल प्रभावित थाना मवई के तत्वाधान में वालिबाल प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम धनगॉव में कराया गया। जिसमे 07 ग्रामो की टीमों ने भाग लिया एवं ग्राम मवई एवं धनगांव की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर फाईनल में अपनी जगह पक्की की जिसमें मवई की टीम विजय रहीं। प्रतियोगिता में विजयी टीम को थाना प्रभारी द्वारा ट्राफी का वितरण किया गया। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतियोगियों को खेल सामग्री टी-शर्ट आदि का वितरण किया गया। प्रतियोगिता के दौरान टीम के साथ साथ ग्रामीणजन खेल देखने हेतु पहुंचे।

गलत जानकारी देने और बिना पता दर्ज कराए कपड़े बेचने के मामले में कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला

सिवनी। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने दो युवकों पर गलत जानकारी देने और बिना पता दर्ज कराए कपड़े बेचने के मामले में कार्रवाई की है। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि बिहार के सीतामढ़ी जिले के पठानपुर निवासी मोहम्मद सज्जाद पिता मोहम्मद मुस्ताक (32) और इंद्रवा निवासी मोहम्मद जमीरुद्दीन पिता जैनुद्दीन (33) सिवनी के एक होटल में रुके थे। दोनों फेरी लगाकर बच्चों के कपड़े बेच रहे थे। उन्होंने थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराई थी। इसकी जानकारी लगने पर पुलिस ने दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की। पूछताछ में पहले दोनों व्यक्तियों ने स्वयं को जबलपुर के रहने वाले बताया। जब पुलिस ने जांच की तो पता लगा कि दोनों बिहार के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 151 का मामला दर्ज किया है। जिले भर में इसी तरह कई लोग अन्य प्रदेशों से आ रहे हैं और बिना मुसाफिरी दर्ज कराए कई तरह की सामग्री बेच रहे हैं।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी प्लेसमेंट ड्राईव 21 मई को

हरिभूमि न्यूज़ सिवनी। प्राचार्य शासकीय आईटीआई सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में सोमवार 21 मई 2024 को प्रातः 10.30 बजे से एक दिवसीय आई.टी.आई. कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट ड्राईव में महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड, इगातपुरी, नासिक, महाराष्ट्र द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम विभिन्न पदों पर भर्ती कार्यवाही की जाएगी। आईटीआई ट्रेड (एनसीवीटी/ एससीवीटी) न्यूनतम योग्यता एवं वर्ष 2018,2019,2020 एवं 2021 में पास आउट एनसीव्हीटी/ एससीव्हीटी व्यवसाय टूल्स, फिटर, टर्नर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, मैकेनिस्ट व इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, न्यूनतम 18 से अधिकतम 25 वर्ष की आय ,प्रतिभागी उपस्थित होकर लाभ ले सकते हैं।

हार्टअटैक से डॉ. राम रजक का हुआ निधन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। नगर के दल सागर तालाब भैरोगंज क्षेत्र स्थित साईं राम हॉस्पिटल के संचालक डॉ राम रजक जी का हृदय गति रुक जाने से शनिवार की शाम लगभग 5 बजे देवलोक गमन हो चुका है। अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा।

बम्हनी नगर में उत्साह का माहौल, बधाई देने वालों का लगा तांता

मंडला की बेटी बनी मिस इंटरनेशल प्रिन्सेंस ऑफ इंडिया

मण्डला

आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला की बेटियां माहिष्मती नगरी मंडला का नाम और मान देश, विदेश में बढ़ा रही है। मंडला जिले के बम्हनीबंजर निवासी आशना हरदहा मिस इंटरनेशल प्रिन्सेंस ऑफ इंडिया का खिताब अपने नाम कर माता पिता समेत मंडला जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के बाद आशना के घर में बधाई देने वाले शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है।

ज्ञात हो कि मन में कुछ कर दिखाने की तमन्ना हो तो इंसान बड़े से बड़े मुकाम हासिल कर लेता है। जीवन में कुछ पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है और संघर्ष करने के लिए हौसला होना भी जरूरी है। ऐसा ही कर दिखाया आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला के बम्हनी की होनहार बिटियां आशना ने। आशना ने बीते कुछ महीनों पहले दो बार जूनियर मिस इंडिया कॉम्पिटिशन में विनर रही और अब मिस इंटरनेशनल प्रिन्सेंस ऑफ इंडिया का खिताब भी अपने नाम कर लिया। इस होनहार बिटिया के बम्हनी नगर में खुशी का माहौल हैं। आशना की प्रतिभा से उसके माता पिता बेहद खुश नजर आ रहे। बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ हैं। मंडला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बम्हनी नगर की रहने आशना हरदहा को बचपन से ही मॉडलिंग करने का शौक था। मेकअप कपड़े पहनने का शौक शुरुवाती दौर से आशना को रहा है।

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम से आशना की शुरूआत हुई। सोशल मीडिया में आशना ने देखा की जूनियर मिस इंडिया का कॉम्पिटिशन है, जिस पर उन्होंने इसमें भाग लेने का मन बनाया कि वह इस कॉम्पिटिशन में जाएगी। जिसके लिए आशना ने अपने माता पिता से सहमति ली। जिसमें उसके माता पिता ने सहमति दे दी। आशना ने पहला जूनियर मिस इंडिया का खिताब अप्रेल 2022 में इंदौर मध्यप्रदेश स्तर में अपने नाम किया। इसके बाद उन्होंने मुंबई का रुख किया और सितंबर 2023 में फिर से अंडर 5 में (इंडिया लेवल)अपनी जगह जूनियर मिस इंडिया में बनाई। इसके बाद आशना ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, लगातार वह आगे बढ़ते ही जा रही। हाल ही में उसने भोपाल में आयोजित मिस इंटरनेशल प्रिन्सेंस ऑफ इंडिया का खिताब अपने नाम किया है। आशना के परिजनों ने बताया कि जब आशना कीं उम्र 13 वर्ष की थी तब आशना के साथ एक हादसा हुआ था। जिसके कारण उसके शरीर पर कुछ जख्म भी हुए। इसके बाद भी आशना ने हिम्मत नहीं हारी है।

जाम, गंदगी और अव्यवस्थाओं के साए में नारायणगंज मुख्यालय

कचरे का उचित प्रबंधन नहीं, बस स्टैंड में फैली अव्यवस्था

नारायणगंज

नारायणगंज मुख्यालय से लगी पंचायतों में गंदगी, अतिक्रमण और जाम की समस्या बनी हुई है। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नारायणगंज बस स्टेंड में सुविधाओं की कमी है। यहां यात्रियों की सुविधा के लिए लाखों की लागत से बनाए गए काम्पलेक्स में प्रतीक्षालय और सुविधा घर का निर्माण होने के बावजूद गंदगी के कारण सांस लेना भी मुश्किल है। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी अनुसार नारायणगंज की ग्राम पंचायत पडरिया में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कचरे के डिब्बे लगाए गए थे। ये कचरे के डिब्बे सांई कॉलोनी स्थित मार्ग, बस स्टैंड, रामलीला मैदान में लगाए गए है। ग्रामीणों ने बताया कि रामलीला मैदान में रखा गया डिब्बा स्थाई रूप से नहीं लगाया गया है। जिसके कारण यह कचरा का डिब्बा यहां वहां होता रहता है। जिसके कारण मैदान में गंदगी बनी रहती है। संबंधित इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

अतिक्रमण से भी बढ़ रही समस्याः

बस स्टेंड में अतिक्रमण भी फैला है। जिसके कारण यहां समस्या बनी हुई है। बसों के अलावा यहां अन्य वाहन भी खड़े किये जा रहे है। यहां ठेले भी लगाये जा रहे है। जिससे बसों को खड़े होने के लिए जगह है। जिससे परेशानी होती है। यहां दुकानों को व्यवस्थित कर दिया जाए, तो काफी हद समस्या का निराकरण हो जाए।

कभी भी लग जाता है जाम :

बस स्टैंड से जनपद मार्ग में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज स्थित है। यह मार्ग भी अतिक्रमण की चपेट में है। मार्ग किनारें बनी दुकानों में पार्किंग नहीं होने के कारण यहां आने वाले ग्राहक अपने वाहनों को मार्ग किनारे ही खड़ा कर रहे है। जिसके कारण आए दिन यहां जाम की स्थिति बनती है। अव्यवस्थित बस स्टेंड होने के कारण कभी भी जाम लग जाती है। बस स्टेंड के नजदीक ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है, जिसके कारण यहां से गंभीर मरीज को ले जाने वाले इमरजेंसी वाहन भी इसी मार्ग से निकलते है। जाम लगने के कारण यहां से गुजरने वाली एम्बुलेंस भी फंस जाती है। जिसे जाम से निकालने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है।

महाविद्यालयों का निरीक्षण कर समस्याओं को ले संज्ञान में, कार्रवाई ना होने पर किया जाएगा उग्र आंदोलन

मण्डला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हित में कार्य करता आ रहा है। समय-समय पर विद्यार्थियों की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाना एवं उस समस्या का सही समाधान निकालना विद्यार्थी परिषद की प्राथमिकता रही है। इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय भुआ बिछिया की अवस्थाएं संज्ञान में आई। भुआबिछिया महाविद्यालय की अव्यवस्था यहां के प्राचार्य की लापरवाही के कारण देखी जा रही है। महाविद्यालय में अनुपस्थित रहते हुए पूरे माह की उपस्थिति दर्ज कराते है। पूरा माह ना आने के बावजूद पूरा वेतन आहरण कर रहे है। महाविद्यालय में फैली अव्यवस्थाओं पर प्राचार्य ध्यान नहीं दे रहे है। जिसके कारण यहां के विद्यार्थियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि यहां किसी पत्र को अग्रेषित करने के लिए भी सभी विद्यार्थियों को यहां वहां भटकना पड़ता है। महाविद्यालय में फैली अव्यवस्था की खबर जिला स्तर के अधिकारियों को भी नहीं है। इसी के साथ शासकीय महाविद्यालय मवई में भी पदस्थ प्रोफेसर अधिकत्तर अनुपस्थित रहते है, लेकिन महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा कोई भी कार्यवाही न करते हुए अनौपचारिक रूप से प्राध्यापको की उपस्थिथि दर्ज कर पूर्ण वेतन दिया जा रहा है। जिस कारण महाविद्यालय में शिक्षको की तानाशाही रवैए के चलते महाविद्यालय में अध्ययनरत विधार्थियो की शिक्षा पर प्रभाव पड़ रहा है। विद्यार्थियों के हित का ध्यान रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिले के अग्रणी रानी दुर्गावती महाविद्यालय मंडला के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन सौंपते हुए कहां गया कि तत्काल महाविद्यालयों का निरीक्षण कर यहां की अव्यवस्थाओं को संज्ञान में लेकर उचित जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि उचित कार्यवाही नही की जाती है तो छात्र संगठन उग्र आंदोलन करेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन उच्च शिक्षा विभाग की होगी।

केन्द्रीय मंत्री मण्डला सांसद कुलस्ते के जन्मदिन पर जिला अस्पताल में किया गया फल वितरण..

मण्डला। भारतीय जनता पार्टी के नेता भारत सरकार के केंद्रीय राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में कार्यकर्ताओं ने मनाया इस अवसर पर जिला अस्पताल में सभी वार्डों में भर्ती मरीजों को फल-बिस्किट का वितरण किया गया साथ ही सायं काल मां नर्मदा का पूजन तथा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को भोजन प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री कुलस्ते ने दूरभाष पर कहा कि मण्डला लोकसभा क्षेत्र की जनता का स्नेह और आर्शीवाद के कारण मैं स्वस्थ एवं प्रसन्न हूँ क्षेत्र के नागरिकों की ओर से मिल रही शुभकामनाएं एवं जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न सेवा के कार्य कार्यकर्ताओं के द्वारा किये जा रहे हैं इससे मैं अभिभूत हूँ जन्मदिन के अवसर पर मिल रही शुभकामनाओं के प्रति उन्होंने सभी नागरिक जनों के प्रति अभार व अभिवादन व्यक्त किया है। जिला अस्पताल में फल वितरण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, शशि पटेल,अनुराग चौरसिया, प्रफुल्ल मिश्रा,विनय मिश्रा, जयदत्त झा, वीरेन्द्र नामदेव, सुदीप ब्रजपुरिया, आकाश क्षत्री, दिनेश चौधरी, मंजू कछवाहा, शिखा श्रीवास्तव, वेदप्रकाश कुलस्ते, सुरेन्द्र क्षत्री, सुधीर मिश्रा, आशीष अत्तू चौरसिया, सागर दुबे सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तेज आवाज करने वाले बुलेट वाहनों पर कार्रवाई

थाना बम्हनी पुलिस ने ओवर लोडिंग हाईवा के साथ 10 वाहनों के काटे चालान, मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

मण्डला। थाना यातायात पुलिस द्वारा शहर में ऐसे बुलेट वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही जो माडिफाईड या अमानक सायलेंसर लगाकर अनावश्यक आवाज निकाल रहें हैं। अभियान के तहत मंडला यातायात पुलिस द्वारा सप्ताह में 05 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही की गई हैं। विगत दिवस वाहनों की चैकिंग के दौरान दो बुलेट वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी बम्हनी एवं पुलिस स्टाफ के द्वारा क्षेत्रांतर्गत वाहन चालको द्वारा सडक मार्ग पर परिवहन करते हुये यातायात नियमो की अनदेखी कर ओवर लोडिग वाहनो का परिवहन करने तथा यातायात नियमो का पालन न करने वालो वाहन चालको पर अंकुश लगाने के लिए बम्हनी

थाना प्रभारी वर्षा पटेल अपने स्टाफ के साथ यातायात नियमो की अनदेखी एवं ओवर लोंडिग वाहनो को यातायात नियमो की समझाईस देते हुये कार्यवाही की है। बताया गया कि कार्रवाई के अंतर्गत 01 बड़े वाहन हाईवा के चालक द्वारा वाहन में ओवरलोडिंग माल परिवहन करते पाया गया। जिस पर हाईवा चालक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 12 हजार रूपए का चालानी कार्रवाई की। इसके साथ ही अन्य 09 बडे वाहन के चालको के द्वारा यातायात नियमो के अंतर्गत मौके पर दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर 4 हजार 500 रूपये का चालान शुल्क वसूल कर चालानी कार्यवाही की गई। कार्रवाई में 10 वाहनो पर यातायात नियमो के तहत कार्यवाही कर समन शुल्क 16 हजार 500 रूपये वसूला गया। इस कार्यवाही में निरीक्षक वर्षा पटैल थाना प्रभारी बम्हनी, प्रआर विवेक, प्रआर भगवानी, आरक्षक कुनाल, धीरेन्द्र, सैनिक रघुनंदन सिंगौर, बंसत जंघेला चालक आरक्षक नवीन शामिल रहें। जिले के विभिन्न घाटो में नर्मदा समग्र के कार्यकर्ताओ ने स्व. अनिल अनिल माधव दवे की सप्तमी पुण्यतिथि मनाई ।अनिल माधव दवे राज्यसभा सदस्य तथा भारत सरकार में पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री थे। इन्होने अपने जीवनकाल में रहते हुए माँ नर्मदा और उनकी सहायक नदियों के संरक्षण के लिए अनेको कार्य किये आपको नर्मदा भक्त नर्मदा सुत, पर्यावरण विद के नाम से भी संबोधित करते है । इन्होने नर्मदा समग्र न्यास के नाम से एक सामाजिक संस्था का गठन किया था जोकि मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरत से बहने वाली जीवन दायनी माँ नर्मदा के संरक्षण के लिए कार्य करती है । आपके कार्यो से प्रेरणा लेकर आज हजारो कार्यकर्ता एवं संस्थाए नर्मदा के संरक्षण कार्य में नर्मदा समग्र के साथ जुड़कर कार्य कर रही है नर्मदा समग्र इनकी पूण्यतिथि 18 मई को संकल्प दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाता है इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने सिंगारपुर, देवगांव संगम, सूर्यमुखी लिंगा घाट, रामनगर घाट, नाना घाट, महाराजपुर संगम घाट, गरमपानी बबैहा घाट और कुम्हा घाट में घाट सफाई अभियान चलाया । इसी के साथ रपटा घाट में घाट स्वच्छता संकल्प हस्ताक्षर अभियान चलाकर माँ नर्मदा को स्वच्छ रखने की अपील के साथ अनिल माधव दवे को श्रद्धांजलि अर्पित की । इस कार्यक्रमों में प्रमुख कार्यकर्ता कृष्णा झरिया, आशीष झरिया, मुकेश गोलिया, श्याम श्रीवास, भूपत खंडेल, रामभजन कश्यप, धर्मेन्द्र मिश्रा राकेश अग्रवाल, नीलेश कटारे, पियूष कार्तिकेय, योगेन्द्र (बाबा), कोमल झारिया, अमित झारिया,राजकुमार ,श्रवण ,अखिल के साथ अनेको कार्यकर्ता सामिल हुए ।

कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने किया महाराजपुर पुरवा संगम के निर्माणाधीन पुल का अवलोकन

पुल निर्माण के दौरान स्थानीय जन सुविधा का रखें ध्यान

मण्डला। मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री मंडला विधायक श्रीमती संपतिया उइके ने महाराजपुर संगम में बंजर नदी पर बनने वाले उच्च स्तरीय पुल का अवलोकन किया,उन्होंने निर्माण कंपनी के ठेकेदार, अधिकारियों के साथ महाराजपुर से पुरवा तक पैदल चल कर पुल निर्माण का जायजा लिया।मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि पुल निर्माण स्थल के आस पास आम नागरिकों की आवाजाही सुरक्षा की दृष्टि से बंद किया जाना चाहिए साथ ही संगम के स्थानीय रहवासियों का पुल के निर्माण के दौरान जनजीवन प्रभावित ना हों इसका ध्यान रखें साथ ही पुल निर्माण के पश्चात नीचे से बंजर नदी तक पैदल जाने हेतु रास्ता की व्यवस्था का ध्यान रखा जाए तथा राजस्व विभाग से क्षेत्र का शीघ्र सीमांकन कर निर्माण किये जाने वाले पुल एवं मार्ग पर बोर्ड लगाये जायें। मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने महाराजपुर पुरवा के बीच बन रहे उच्चस्तरीय पुल को निर्धारित अवधि में गुणवत्तपूर्ण कार्य करने हेतु निर्देशित भी किया साथ ही उन्होंने कहा कि पुल की निर्माण की डिजाईन का हर पहलू पर विचार करें ताकि नर्मदा संगम तीर्थ के आने-जाने वाले मार्ग सुचारू रूप से चलते रहें उन्होंने कहा कि पुल निर्माण के दौरान हर हाल में सुरक्षा का ध्यान रखा जाये क्योंकि मां नर्मदा तीर्थ संगम में स्थानीय नागरिकों के अलावा अन्य राज्यों व जिलों से बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री यहां प्रतिदिन धार्मिक यात्रा पर आते हैं। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार, नगर अध्यक्ष अनुराग चौरसिया, पार्षद रामजीगायक, प्रतिभा साहू, रितेश राय, जोरावर सिंह, गोलू तिवारी, अंकित ज्योतिष, नीरज कांड्रा सहित निर्माण कंपनी के ठेकेदार एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।पूर्व राज्यसभा सांसद स्व.अनिल माधव दवे की 7वीं पुण्यतिथि पर किया वृक्षारोपण कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके नर्मदा संगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के अवलोकन के दौरान नर्मदा संगम तट पर नर्मदा भक्त पूर्व राज्यसभा सांसद पर्यावरणविद स्व. अनिल माधव दवे की 7वीं पुण्यतिथि के अवसर पर बरगद एवं पीपल के पौधे का रोपण किया इस अवसर पर स्थानीय नागरिक,जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

हज तरबीयत कैम्प व टीकाकरण आयोजित कैबिनेट मंत्री पहुंची शिविर में

मण्डला। जिला हज कमेटी एवं हज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हज तरबीयत कैंप एवं टीकाकरण का आयोजन किया। शिविर और टीकाकरण का आयोजन हज कमेटी अध्यक्ष हाजी गनी के गृह निवास में आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में हज जाने वालों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ सभी हज जाने वालो का टीकाकरण किया गया। इस दौरान मप्र की कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके, पार्टी के पदाधिकारी समेत हज कमेटी के मेंबर और समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

CHANGE OF NAME

I, **RANJIT SINGH GREWAL** S/O **HARDAYAL SINGH** DECLARE THAT MY MINOR SON WAS KNOWN AS **ANMOLPREET SINGH**, I HAVE CHANGED HIS NAME AND HENCEFORTH HE SHALL BE KNOWN AS **ANMOLPREET SINGH GREWAL** S/O RANJIT SINGH GREWAL RESIDENT OF- H. NO. 37, WARD NO. 23, BUDHI MAI WARD, BAJRANG CHOURAHA, MAHARAJPUR, MANDLA, 481665,(M.P.)

खबर संक्षेप

छोटी से बात को लेकर पति ने पत्नी की कर दी पिटाई

गाडरवारा। नगर की साईधाम कालोनी निवासी एक महिला द्वारा अपने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुये पुलिस थाने में शिकायत की गई है कि जब उसने अपने पति अंकित साहू से बोला की चलो अपन सालीचौका चलते है वही रहेगे तो इसी बात को लेकर पति द्वारा प्रार्थिया के साथ गंदी गदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई जिसके चलते पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

घरू खर्च के लिये पैसा मांगने की बात पर पति ने पत्नी से की मारपीट

गाडरवारा। नगर के श्याम डेरी के पास सुभाष वार्ड में पत्नी ने अपने पति से घरेलू खर्च के लिये पैसा मांगे तो पति द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पत्नी ने पुलिस थाने में अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि घरेलू खर्च के लिये पैसा मांगे जाने की बात को लेकर उसके पति घनश्याम कोरी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हये जांच में लिया गया है।

दुकान की सामग्री फेंकने की बात पर हुई मारपीट

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नरसिंहपुर वार्ड निवासी युवक द्वारा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह झंडाचौक पर कटिंग की दुकान चलाता है। किसी बात को लेकर उसके बडे भाई आशीष द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये दुकान पर आकर दुकान के अंदर रखी हई सामग्री फेकने लगा। इस तरह समान फैकने से रोके जाने पर आशीष द्वारा अपने छोटे भाई के साथ कैची से मारपीट करते हुये चोटै पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दिये जाने पर पुलिस ने छोटे भाई की शिकायत पर आरोपी बडे भाई के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

युवती के गायब होने की बात को लेकर महिला द्वारा की मारपीट

गाडरवारा। डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कुडारी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि ग्राम कुड़ारी ही निवासी एक युवती जो ग्राम थरेरी थाना पलोहा से करीब 20 दिन पहले बिना बताये कही चली गई है। इसी बात को लेकर मेरे गांव की ही एक महिला अपने साथ चोरबरेहटा के हरिओम कौरव के साथ मेरे खेत में आई थी और बोली कि तेरा भान्जा जोगेश मेरी छोटी बहन को लेकर गया है। तो मैनें कहा कि मुझे इस बारे मे कोई जानकारी नही है इसी बात को लेकर उस महिला तथा उसके साथी हरिओम कौरव द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

नगर के अंदर छलकते हुये जाम तो सड़कों पर वाहनों के लग रहे जाम से परेशान हो रहे लोग

जाम शहर के रूप में रोशन हो रहा गाडरवारा का नाम

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जिस प्रकार से गाडरवारा शहर ने सारी दुनिया में अपने शांति प्रिय स्वभाव को लेकर प्रसिद्व बनाई गई है। अब उसको ग्रहण लगते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के कारोबार के चलते युवा पीढ़ी उसकी गिरफ्त में समाते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर यातायात व्यवस्था जिस तरह पटरी से उतरते हुये देखी जा रहे है। वह आमजन के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहीहै। यदि गाडरवारा क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय हमारा क्षेत्र जाम की प्रसिद्वी को लेकर संपूर्ण प्रदेश से लेकर अन्य प्रदेशों में अलग ही पहचान बनाते हुये दिखाई देने लगा है? क्योंकि शहर के अंदर जहां तहां छलकते हुये जामों का हाल इस प्रकार से देखने मिल रहा है कि रात के समय शराब खोरी करने के बाद सड़को पर होने वाली मटर गस्ती की सच्चाई किसी से छिपी नही है और बाइकर्सो की धमाचौकड़ी के कारण सभ्य लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है तो दूसरी नगर के अंदर से लेकर क्षेत्र की सड़को पर वाहनों का लगने वाला जाम निश्चित ही गाडरवारा का दूर दूर तक रोशन कर रहा है नाम? वैसे भी देखा जावे तो क्षेत्र की सड़को पर निकल रहे गड्डो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि ग्राम कामती व शहर के शांतिदूत तिरहा के पास बने हुये गड्डे जहां अपने कई जन्म दिन मना चुके है तो दूसरी ओर शक्कर नदी पुल के निकलते हुये गड्डे निश्चित तौर से बर्ल्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने की ओर अग्रसर होते हुये चला जा रहे है? क्योंकि यहां पर निकले हुये गड्डो का हाल इस तरह बन चुका है कि वह धीरे धीरे शक्कर नदी के पुल के नीचे की जमीन को खोखला करते चले जा रहे है और खोखली हो रही पुल के समीप की जमीन की दहशत के चलते यहां से निकलने वाले वाहन चालकों द्वारा अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये एक साईड से वाहन निकालने के लिये मजबूर हो रहे है। इस स्थिति में पुल के ऊपर जाम की स्थिति आये दिन बनने से नही चूक पा रही है। पुल पर जाम लगने के कारण जहां आमजन से लेकर स्कूल कालेज जाने वाले छात्र छात्राओं को भी अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। यह बात अलग है कि बीते हुये माह शिवरात्री के चलते यहां पर सुधार हो जाने से स्थिति में सुधार हुआ है। मगर वह चार दिन की चांदी फिर अधियारी रात साबित होने से नही चूकेगा? कुछ इसी प्रकार का हाल समीपस्थ ग्राम कौड़िया के पास देखने मिल रहा है जहां पर ग्राम के अंदर फैले हुये अतिक्रमण के कारण यहां पर दिन में अनेकों बार जाम की स्थिति पैदा होने के कारण लोग अपने वाहनों सहित घंटो तक इस जाम में फंसे हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है? कुछ इसी तरह का हाल नगर से चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर दिखाई देने से नही चूक रहा है। क्योंकि इस मार्ग पर पड़ने वाला रेल्वे फाटक कभी कभी घंटो तक बंद रहने की स्थिति में बडे वाहन यहां पर फंस जाते है जिन्हें निकलने के फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। वही दूसरी ओर गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाले मार्ग पर भी सालीचौका पौड़ार तिरहा के समीप आये दिन लगने वाला जाम क्षेत्र के लोगों को परेशानी का कारण बन चुका है। वही दूसरी ओर दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा का हाल तो सबसे खतर नाक बना हुआ है जहां पर मुख्य मार्ग पर लगने वाले बाजार के कारण आमजन की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही बच पा रही है। इस तरह गाडरवारा क्षेत्र में चारों ओर लगने वाले जमों के बीच फंसी हुई गाडरवारा शहर की प्रसिद्वि निश्चित तोर से दूर दूर तक फैलने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर नगर के अंदर का हाल तो यह बना हुआ है कि धनवानों द्वारा अपनी जरूरत पूरी करने के लिये चार पहिया वाहन खरीद लेते है मगर उन्हें रखने की व्यवस्था नही होने के चलते वह अपने वाहनों को घरों के सामने मुख्य सड़को पर खड़ा करना अपनी शान समझने से नही चूकते है। इस तरह नगर के अंदर सड़को पर धनवानों के खड़े रहने वाले वाहनों के चलते अन्य दूसरे वाहनों को प्रवेश करना मुश्किल होने से नही चूकता है। इस स्थिति में नगर पालिका का सफाई वाहन हो या फिर गैस टंकी पहुंचाने वाले वाहनों को शहर के अंदर कालोनियों में प्रवेश करना मुश्किल होना आम बात बन चुकी है। इस तरह जाम के बीच फंसे हुये इस शहर व क्षेत्र में भयानक स्थिति उस समय निर्मित हो जाते है जब किसी व्यक्ति की किसी कारण बस जिन्दगी खतरे में पड़े हुई हो और उसे इलाज हेतु बाहर ले जाने की नौबत पड़ जावे तो उसकी जिन्दगी पूर्णरूप से भगवान भरोसे होने से नही चूक पाती है? क्योंकि गाडरवारा से जिला मुख्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर जहां शक्कर नदी पुल व कौड़िया में लगने वाला जाम नासूर बन चुका है? वही दूसरी ओर यदि कोई व्यक्ति गाडरवारा से होशंगाबाद की ओर जाने की सोच रखता है तो उसे इस मार्ग पर सड़क से अधिक ऊचाई वाली रोड़ यानि की सड़क शोल्डर तो खतरा पैदा कर ही रहे है साथ ही साथ जहां पर गन्ना सीजन में लगने वाला जाम अपने घर से निकलने के पहले अनेकोबार सोचने के लिये मजबूर कर देता है? इसके आलवा नगर से चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर रेलवे गेट की स्थिति निश्चित तौर से क्षेत्रवासियों के लिये खतरे की घंटी बजाने से नही चूक पा रही है? यह बात अलग है कि जब चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर रेल्वे गेट के पास ओबर ब्रिज की स्वीकृति हुई थी तो लोगों ने सोचा था कि अब गेट से मुक्ति मिल जावेगी। मगर इस ब्रिज का निर्माण जिस गति व गुडवत्ता से चल रहा है उससे यह उम्मीद नही की जा सकती है कि शहर के लोगों को शीघ्रता से इसका लाभ मिल पायेगा? इस तरह से शहर के अंदर शाम होते हुये छलकने वाले जामों से लेकर सड़को पर वाहनों का लगने वाला जाम निश्चित ही इस शहर को दूर दूर तक प्रसिद्व करते हुये दिखाई देने लगा है। क्योंकि गाडरवारा से नरसिंहपुर व गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाला मार्ग जहां राष्ट्रीय स्तर का मार्ग होने के कारण इस मार्ग से सिर्फ क्षेत्रवासियों का आना जाना ही नही होता है बल्कि लम्बी दूरी के वाहनों का निकलना भी होता है। मगर इस मार्ग पर अनेक जगहो पर बनने वाली जाम की स्थिति के चलते जब बाहर के लोग फंसकर परेशान होते हुये देखे जाते है तो निश्चित तौर से वह अपने शहर में गाडरवारा की चर्चा करने से नही चूकते होगे और जब कोई व्यक्ति यहां पर परेशानी का सामना करके निकलेगा तो फिर वह क्या चर्चा करेगा इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है? इस तरह क्षेत्र की सड़को की बदहाल हो रही स्थिति व सड़को पर लगने वाला जाम निश्चित ही नगर की प्रसिद्वी को जहां ग्रहण लगाते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान न देना इस बात का संकेत देते हुये देखा जा रहा है कि क्षेत्र में किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने के बाद ही अधिकारियों की कुंभकर्णी निंद्रा भंग हो पायेगी?

दुनिया के सामने हाथ फैलाने की जगह भगवान के सामने हाथ फैलाने से कभी खाली नहीं रहता है-प. सूर्यकांत शास्त्री

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम शाहपुर में धमनी वाले चौधरी ममार परिवार द्वारा संपन्न कराये जा रहे है संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के चलते जहां संपूर्ण गांव में बह रही धर्म की गंगा के चलते गोकुल धाम की तरह प्रतीत होने से नही चूक रहा है। वही आयोजन के सातवे व अंतिम दिवस जहां श्रोताओं का हुजूम उमड़ते हुये देखा गया तो दूसरी ओर ज्ञान यज्ञ में ग्राम सहित क्षेत्र के सैकड़ो लोगों ने शामिल होकर महाराज जी का पूजन अर्चन आर्शीवाद ग्रहण किया गया। वही अंतिम दिवस कथा वाचक पंडित सूर्यकांत शास्त्री साकेत धाम दिल्हेरी द्वारा श्रोताओं को श्रीमद् भगवात कथा में भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा जी का वर्णन सुनाते हुये भाव विभोर कर दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संसार में सुदामा-कृष्ण के सबसे अनोखे भक्त रहे हैं। क्योंकि सुदाम जी जीवन में जितने गरीब नजर आते थें। मगर उतने वे मन से धनवान थे। महाराज जी ने सुदामा चरित्र का बखान करते हुए कहा कि संसार में मित्रता भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की तरह होनी चाहिए। वर्तमान समय में स्वार्थ के लिए लोग एक-दूसरे के साथ दोस्ती करते हैं, जिसके बाद कार्य निकल जाने पर एक-दूसरे को भूल जाते हैं। वह मित्रता नही होती है वह स्वार्थ होता है। इसलिए अपने छोटे से जीवन में प्राणी को परमात्मा से रिश्ता जरूर बनाना चाहिए। क्योंकि परमात्मा से ही बना रिस्ता प्राणी को मोक्ष की तरफ ले जाएगा। साथ ही उसके जीवन में आने वाले सभी कष्ट भी आसानी से दूर हो जाएंगे। महाराज ने कथा में कहा कि सुदामा ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सखा श्रीकृष्ण का चिंतन और स्मरण नहीं छोड़ा। ऐसे में श्रीकृष्ण की कृपा उनके ऊपर हो गई। क्योंकि एक सच्चा मित्र जरूर बनाना चाहिए जो विपरीत परिस्थितियों में भी साथ दे सके। भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता से हर किसी को सीख लेनी चाहिए। क्योंकि चल रहे इस कलयुग काल में हर व्यक्ति पैसा के पीछे दौड़ रहा है और हाल फैलाने ने नही चूक रहा है। जबकि देखा जावे तो इस धरती पर जो कमाया है वह अंतिम समय सबकुछ रखा रह जाता है। इस तरह दुनियां के सामने हाथ फैलाने की जगह भगवान के सामने हाथ फैलाने वाला कभी खाली हाथ नही रहता है और वही व्यक्ति के अंतिम समय साथ जाता है। जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे। बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा गया था। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। जब सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे तो द्वार पर मौजूद द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है।अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से अपने महल के द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस तरह कथा वाचक महाराज पंडित सूर्यकांत शास्त्री ने इन 7 दिनों तक भगवान श्रीकृष्ण के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। वही कथा के सातवें व अंतिम दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का व्याख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए मौजूद श्रोता भाव विभोर कर दिया। दिल्हेरीधाम से पधारे महाराज जी ने श्रद्धालुओं को कथा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है। भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा जी का मिलन देख वहां लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े दौड़े चले आए। बचपन के मित्र को गले लगाकर भगवान श्रीकृष्ण उन्हें राजमहल के अंदर ले गए और अपने सिंहासन पर बैठाकर स्वयं अपने हाथों से उनके पांव पखारे। कहा कि सुदामा से भगवान ने मित्रता का धर्म निभाया और दुनिया के सामने यह संदेश दिया कि जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। महाराज जी ने बताया कि श्रीमद् भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से ही व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। वहीं अन्य ग्रन्थ मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाते हैं और श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को मरना सिखाती है,जीवन में जीने के बाद कैसी मृत्यु हो,श्री शुकदेव भगवान ने महाराज परीक्षित को भागवत का उपदेश देकर उन्हें तक्षक सर्प के काटने से पहले ही भागवत ज्ञान के द्वारा मुक्त कर दिए थे। उन्होंने नवयुग सवारने की कथा, श्रीमद भागवत का सार सहित अन्य कथाओं के बारे में विस्तार से श्रद्धालुओं को बताया। इस दौरान सजीव झांकियां भी सजाई गई। श्रद्धालुओं को धार्मिक भजनों पर नृत्य करते व जयकारे लगाते हुए भी देखा गया तो दूसरी ओर इस आयोजन के चलते ग्राम शाहपुर पूर्ण रूप से धर्ममय होने से नही चूका।

भागवत पुराण के अंतिम दिवस भगवान की लीलाओं का रसपान करने भक्तों का उमड़ा सैलाब

विद्युत शवदाह गृह निर्माण की मांग की ओर नहीं दिया जा रहा ध्यान.....?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां एक ओर नगर का लगातार विकास होने के साथ इसकी आवादी में भी इजाफा होते हुये देखा जा रहा है। इस स्थिति में नगर का एक मात्र शमशान घाट की स्थिति बिगड़ने के चलते नगरवासियों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के शमशान घाट पर भयानक स्थिति उस समय निर्मित हो जाती है कि जब नगर के अंदर पांच लोगों से अधिक की मौत हो जाती है, क्योंकि शमशान घाट पर मात्र शवदाह करने के लिये 5 सेट बने हुये है। इस स्थिति में अनेकों पर नगरवासियों को खुले मैदान में शव दाह करते हुये देखा जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये बीते हुये वर्ष यानि की नम्बर माह 2019 में नगर के श्रीमशान भैरव बाबा मंदिर समिति द्वारा जिला कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुये विद्युत शवदाह घर के निर्माण की मांग की गई है। उस समय सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया था कि कहने के लिये तो नगर पालिका के पास के पास शमशान घाट के नाम पर 18 एकड़ भूमि पड़ी हुई है, मगर वह लगातार अतिक्रमण के भेंट चढ़ते हुये देखी जा रही है। इस स्थिति के चलते मौके पर मुश्किल से मात्र 5 एकड़ भूमि ही सुरक्षित देखने मिल रही है, जिसके चलते यहां की स्थिति में अनेकोबार जब नगर में लोगों की मौते होती है तो शमशान घाट पर बने हुये 5 सेट भरे हुये रहते है तो दूसरी ओर अनेको बार शवों को जलाने के लिये लकड़ी का आभाव भी देखने मिलता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये यदि शासन प्रशासन द्वारा नगर के एक मात्र शमशान घाट पर अतिरिक्त रूप में विद्युत शवदाह घर का निर्माण करा दिया जाता है तो निश्चित ही इससे नगरवासियों को सुविधा मिलने लगेगी। वह वही लोगों को शव का दाह संस्कार करने के लिये लकड़ी खरीदने की परेशानियों से निजात मिलेगी। इस तरह दो वर्ष पहले सौपे गये विद्युत शवदाह घर की मांग पत्र की प्रति क्षेत्र के सांसद, विधायक सहित नगर पालिका अध्यक्ष व अनुविभागीय अधिकारी को भी प्रेषित की गई थी। मगर दो वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा श्रीमशान भैरव बाबा समिति की इस मांग की ओर आज तक कोई पहल नही की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में चालू कम, बंद ज्यादा पड़ी हुई नलजल योजनायें, शोभा की सुपारी साबित हो रही लाखों की राशि से बनी टंकी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा की दृष्टि से भले ही नल-जल योजनाओं का गांव गांव शुभारंभ किया जा रहा हो जिसके चलते सरकार का प्रतिवर्ष करोड़ो रूपया भी पानी के नाम पर पानी की तरह ही बहते हुए देखा जा रहा है। लेकिन इन योजनाओं का ग्रामीणों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसके सच्चाई क्षेत्र की अनेक पंचायतों में देखने आसानी से मिल सकती है? क्योंकि सरकार द्वारा पूर्व में लाखों रूपया खर्च करते हुए अनेक पंचायतों में इस नल जल योजना का शुभारंभ तो कर दिया गया था। मगर वह सिर्फ कागजों तक ही सीमित होकर रह चुकी है। क्योंकि क्षेत्र के अनेक पंचायतों में शुभारंभ के कुछ समय बाद से ही यह योजनाएं बंद पड़ी हुई हैं। बताया जाता है कि नलजल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर शासन प्रशासन द्वारा नल-जल योजना और स्थाई जल योजना चलाई गाई थी, जिसके चलते कई पंचायतों में इन योजनाओं का शुभारंभ भी किया गया था। लेकिन योजनाओं से ग्रामीणों को कोई खास लाभ नहीं मिल पा रहा है और जल संकट हर तरफ बढ़ता ही जा रहा है। हालाकि इन योजनओं का उद्देश्य ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध कराना है। लेकिन इस योजना के तहत डाली गई लाईनों से पानी सप्ताह में एकाध बार भी पानी सही ढंग से नहीं मिलता है। इतना ही नही कई पंचायतों की स्थिति तो इस प्रकार से है कि नलकूपों में बीते लम्बे समय में ताला डला हुआ है। इस सच्चाई के चलते इस योजना के नाम पर शासन के पैसों की बर्बादी ही जान पड़ रही है? इन योजनाओं के बंद होने का कारण भी अलग अलग है। कुछ जल स्रोत सूखने, बिजली कनेक्शन कटने तथा अन्य कारणों से बंद हैं। पीएचई विभाग द्वारा इन योजनाओं के शुरू होने के बाद बंद होने पर सूचना मिलने पर भी रूचि न लेकर बंद होने के कारणों को खत्म करने का प्रयास नहीं किया जाता है और न ही दुरूस्तीकरण में कोई रूचि दिखाई जाती है, जिसके चलते आज भी अनेक पंचायतों में ये योजनाएँ बंद पड़ी हुई या फिर होती जा रही हैं। इस योजना को लेकर पीएचई विभाग के अनुसार नल-जल योजना 2 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित की जाती है तथा इस योजना के तहत एक ट्यूबवैल से अनेक नल कनेक्शन पाईप लाईन में बिछाकर दिये जाते हैं, घरों में कनेक्शन के बाद पानी की सप्लाई पंचायत स्तर से प्रति दिन या फिर वहां पर जैसी पानी की स्थिति होती है के अनुसार की जाती है बदले में पंचायत द्वारा कनेक्शनधारियों से शुल्क भी लिया जाता है। इस प्रकार से एक हजार से कम आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्र में स्थल जल योजना संचालित की जाती है। इस योजना में ट्यूबवैल का खनन करके उसी में मोटर पंप लगाकर कई नल लगा दिये जाते हैं और ग्रामीणों को स्पाट पर ही पानी दिया जाता है, इस योजना में घरों में कनेक्शन नहीं दिये जाते हैं, लोगों को ट्यूबवैल पर ही लगे नलों से पानी भरना पड़ता है, इस योजना को नल-जल योजना में गांव की आबादी बढ़ने पर परिवर्तित कर दिया जाता है।

अतिक्रमण हटाने में नाकाम साबित हो रहा प्रशासन, मुसीबत में फंसे राहगीर, वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। वर्तमान में शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र पलोटन गंज, राठी तिराहे, शासकीय शालाओं के इर्द गिर्द शुक्रवार बाजार, मंदिरो, मस्जिदो के सामने पसरे अतिक्रमण से जहां शहर को सौन्दर्यीकरण खतरे में पड़ गया है। वही शहर में चौतरफा हुए अतिक्रमण से राहगीरो, वाहन चालकों का सड़को से गुजरना दूभर होता जा रहा है। गौरतलब है कि नगर में इस समय नजूल, नपा.लोक निर्माण विभाग द्वारा अपनी बेश कीमती भूमि की परवाह न करने से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलन्द हो गए है, जिसके चलते सड़कों के किनारो, चौराहो के नजदीक शासकीय भूमि का दुरूपयोग करते हुए अतिक्रमणकारी ठेले रख रहे है। वही देखा जा रहा है कि नगर में जहां तहां खाली पड़ी शासकीय भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है? जिससे नगर का स्वरूप बिगाड़नें का प्रयास कर रहे है, इस बेजा हो रहे अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था तो चौपट हो ही रही है साथ ही शहर में जहां तहां जाम लगने, दुर्घटनाएँ होने के अंदेशा सदा बना रहता है। विदित हो कि शहर के प्रमुख

बाजार में जहां अनेक व्यापारी आधी सड़क पर कब्जा जमा अपनी दुकानो का सामान प्रदार्शित करते है तथा झंडाचौक पर मनमर्जी से दुकानें लगाने से शाम के समय सड़को से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसी तरह शैक्षणिक संस्थाओं के इर्द गिर्द अतिक्रमणो की बाढ़ आने से शालाओं में पहुँचने वाले बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। ज्ञातव्य है कि बैंकों, सब्जी बाजार, अनेक शासकीय कार्यालयो में वैसे भी पार्किंग व्यवस्था का अभाव है तो दूसरी ऊपर से नगर में अतिक्रमण की अमरबेल फैलती चले जाने से विकसित हो रहे नगर की ट्रेफिक व्यवस्था पंगु होती जा रही है। शहरवासियो का कहना है कि शहर में धड़ल्ले से चहुँओर अतिक्रमण होने से गाडरवारा की पहचान मुश्किल भरे शहर के रूप में बनती जा रही है और बेतरतीब बसाहट, ठेले, ठिलियो का जाल फैलने से नगर की सुंदरता को ग्रहण लगने लगा है, बेबाक लहजे में कुछ लोगो का कहना है कि वास्तव में अतिक्रमण फैलाने की बीमारी राजनीतिक पहुँच वाले असरदारों की देन है? इसलिए जब भी प्रशासन कोई अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू करता है वे उसके सुर में सुर मिलाकर अपना अतिक्रमण हटाने की बजाय शासकीय भूमि पर टपारिया बनाकर रहने वालो व चाय पान का ठेला लगा अपनी जीविका चलाने वाले नौजवानो का बालि का बकरा बना देते है। इन लग्जरी रंगी बिरंगी कार मेनो की इस तिकडम का नतीजा है कि नगर अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पा रहा है और शहर में खुलेपन का माहौल नही बन पा रहा है, प्रशासन, नपा. से शहर के निवासियो ने गुहार लगायी है कि वह शहर को अतिक्रमण के जंजाल से मुक्त करने की दिशा में पहल करें।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं अंजुल जैन उम्र 42 वर्ष पत्नि स्व. श्री सिध्दार्थ कुमार जैन निवासी नगर परिषद जवाहर वार्ड गाडरवारा, तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म.प्र. की निवासी हूँ। मेरा पुत्र देवराज जैन उर्फ देव जैन वर्तमान में आयु 14 वर्ष है, जिसकी में स्वाभाविक बली मां हूँ जो कि मेरे साथ निवास करता है। मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड, समग्र आई.डी. शालेय रिकार्ड एवं शिक्षा संबंधि दस्तावेजों में देवराज जैन पिता स्व.श्री सिध्दार्थ कुमार जैन दर्ज है। किन्तु जन्म प्रमाण पत्र में देव जैन दर्ज है। मेरा पुत्र देवराज जैन व देव जैन दोनों नामों का एक ही व्यक्ति है। मेरे पुत्र का नाम देवराज जैन पिता स्व. श्री सिध्दार्थ कुमार जैन के नाम से जाना व पहचाना जाता है जो कि देवराज जैन एवं देव जैन नाम का एक ही व्यक्ति है। इसलिये भविष्य में मेरा पुत्र देवराज जैन पिता स्व. श्री सिध्दार्थ कुमार जैन समस्त शासकीय दस्तावेजों में लिखा व पढ़ा जावे।

सूचनाकर्ता
अंजुल जैन पत्नि स्व. श्री सिध्दार्थ कुमार जैन
निवासी- जवाहर वार्ड गाडरवारा,
तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र.

खबर संक्षेप

छात्रा की फांसी पर झूलने से मौत

हरिभूमि न्यूज अमरपुर। पुलिस चैकी अमरपुर क्षेत्रातंर्गत ग्राम रामगढ़ के बांकाटोला निवासी 11 वीं छात्रा अखिलेश्वरी पिता चैन सिंह गौड़ उम्र 17 वर्ष जो शुक्रवार की रात्रि लगभग 7.30 बजे घर में खाना पका रही थी। परिवार के सभी सदस्य बाहर आंगन में बैठे थे। कुछ देर बाद छोटे भाई अंदर गया और जोर से चिललाया तभी दादा रामफल अंदर जाकर देखा और बच्ची को उठाकर रखा मां हंसिया से फंदे को काटकर नीचे उतारे तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जिसकी सूचना कोटवार सहित नाते रिश्तेदारों को दी गई। सुबह लगभग 9 बजे पुलिस सूचना के आधार पर के एस मरावी एएसआई पहुंच कर पंचनामा तैयार कर शव परीक्षण हेतु अमरपुर भेजा गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही हैं। कारण अज्ञात हैं।

समर कैंप के तहत बच्चों को कराया संजय निकुंज का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी। संस्कार समर कैंप के तहत आज 58 बच्चों को संजय निकुंज डिंडोरी का भ्रमण कराया गया। बच्चों को पौधरोपण का महत्व और पौधरोपण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। समर कैंप में बच्चों को प्रति ष्सेटरडे फंडे और संडे मूवी डेष के तहत महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कराना, शिक्षाप्रद मूवी दिखाना जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल की गई है। जिससे बच्चों को मनोरंजन के साथ साथ अच्छी शिक्षा और खेल गतिविधियों, पर्यावरण संरक्षण के कार्य जैसी नेक कार्यों के प्रति जागरूक की जा रही है। सभी बच्चे उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग ले रहे हैं।आज समर कैंप के तहत उक्त शिविर प्रबंध समिति के सदस्यों में बीआरसी अरुण चैबे, आराधना पचैरी, अभिषेक बंसल सहित बागवानी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

बारात लेकर लौट रही तेज रफ्तार पिकअप पलटी: एक मौत, 31 घायल

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी। जिले के समनापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरगांव चांदरानी गांव मार्ग पर शनिवार की दोपहर बारात लेकर वापस आ रहीं पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 31 लोग घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समनापुर ले जाया गया। गंभीर हालत में पांच लोगों को जिला अस्पताल का रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि ग्राम झांकी से बारात ग्राम चपवार गांव गई थी। शनिवार को बारात लेकर पिकअप वाहन लौट रहा था। दोपहर लगभग 12.30 बजे के आसपास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक गर्भवती महिला बुधबरिया बाई पति फग्गन मरावी 19 वर्ष निवासी झांकी की मौत हो गई है। गंभीर घायलों के नाम सुखबरो बाई पति अवरिया बैगा 35 साल गौराकंहारी, विमला पति लाल सिंह बैगा 45 निवासी झांकी,कमलेश सिंह पिता मोती मार्को 30 साल निवासी झांकी,देवेंद्र सिंह पिता ओझे लाल परस्ते 15 साल निवासी झांकी,टीको बाई पिता भागू 65 साल निवासी झांकी,लाल सिंह पिता फागु मरावी 55

निवासी झांकी बतलाये गये हैं।जानकारी मिलने पर एसपी वाहिनी सिंह,अपर कलेक्टर सरोधन सिंह,एसडीएम रामबाबू देवांगन, एसडीओपी केके त्रिपाठी,यातायात प्रभारी सुभाष उइके जिला अस्पताल पहुंचे।

-वाहन चालक फरार, एफआईआर दर्ज

ग्राम झांकी निवासी कमल मेरावी के पुत्र मान सिंह की बारात में शुक्रवार को सभी लोग झांकी गाँव से ग्राम चपवार तेंदू टोला गये थे,जो शनिवार की दोपहर पिक्अप क्र. एमपी 52जीए 0853 में सवार होकर लौट रहे थे। पिक्अप वाहन को मुकेश ठाकुर निवासी डुगरिया का चला रहा था।समय करीब 12 बजे ग्राम चांदरानी के आगे पिक्अप गाडी पुहची थी कि मोड मे चालक मुकेश ठाकुर ने पिकअप गाडी को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर पलटा दिया जिससे पिकअप गाडी में बैठे लोगो को चोटें आई है, मौके पर पहुंचे 108 वाहन एंव 100 डायल वाहन की मदद से सीएचसी समनापुर ईलाज कराने आये है, रिपोर्ट पर मोटर व्हीकल एक्ट का कामय कर विवेचना में लिया गया है।आरोपी वाहन चालक मुकेश ठाकुर फरार बतलाया गया है। जिसकी तलाश जारी है।

रोजगार सहायक ने कुल्हाड़ी से हमला कर हितग्राही का फोड़ा सिर

-पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम सरसी का मामला

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी। जनपद पंचायत मेंहदवानी के ग्राम पंचायत चिरपोटी के रोजगार सहायक रवि संत ने हितग्राही द्वारा मूल दस्तावेज मांगे जाने पर पोषक ग्राम सरसी निवासी युवक विवेक संत पिता अनूप दास संत उम्र 40 वर्ष के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में भर्ती कराया गया है जहां उपचार जारी है।

-181 में शिकायत करने की मिली सजा

गम्भीर रूप से घायल विवेक संत ने बताया कि मुझे ग्राम पंचायत के द्वारा शौचालय का लाभ नहीं दिया गया है। 2022 में मेरे द्वारा इसकी शिकायत मुख्यमंत्री हेल्प लाइन में किया गया था। तब रोजगार सहायक मेरे घर आए और शौचालय का लाभ दिलाने के नाम पर पासबुक, आधार कार्ड एवं समग्र आईडी लेकर चले गए परन्तु दो वर्ष गुजरने के बाद भी मुझे शौचालय निर्माण का लाभ नहीं दिया गया और न ही मेरा पासबुक, आधार कार्ड वापस किया गया। शुक्रवार को शाम मैं अपनी बच्ची के उनके घर के सामने से गुजर रहा था तो मैंने

रोजगार सहायक रवि संत से अपने कागजात मांगे जिससे वह भड़क गया और मेरे ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे मेरे सिर में गम्भीर चोट आई है। मेरे परिजनों ने मुझे खून से लथपथ हालत में लाकर मेंहदवानी अस्पताल में भर्ती कराया है।

-बच्ची ने रो रोकर बताई आपबीती

घटना के वक्त विवेक संत की लगभग 9 वर्षीय बच्ची दीपांजलि साथ थी जो घटना के बाद से सहमी हुई है उन्होंने रोते रोते आपबीती बताई।

-रोजगार सहायक की नहीं हुई गिरफ्तारी

घायल विवेक संत के परिजनों सहित अबोध बालिका दीपांजलि ने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की मांग की है और आरोपी रोजगार सहायक को गिरफ्तार करने की मांग की है।

रेवा स्वास्थ्य कैंपो का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में रेवा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों के द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों तक प्रत्येक जनपद पंचायत में कुपोषण के खिलाफ एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके द्वारा स्वास्थ्य के प्रति लोग जागरूक हो रहे हैं।

स्वास्थ्य कैंप के तहत जिम्मेवार विभाग कुपोषण को दूर करने में अपनी अपनी मुख्य भूमिका निभाते है और स्वास्थ्य स्तर में वृद्धि करने में लिए एक साथ संयुक्त प्रयास कर रहे है। आयुष विभाग के द्वारा व्यक्तियों की प्रकृति के अनुसार उपचार किया जा रहा है, जिसमें वात, पित्त और कफ के मध्य संतुलन बनाने पर जोर दिया जाता है।जिसके लिए त्रिफला चूर्ण का वितरण किया जाता है, त्रिफला चूर्ण आँवला, हर्रा और बहेड़ा का मिश्रित चूर्ण है, जिसका उपयोग पाचन प्रक्रिया को दुरुस्त करने के साथ साथ त्रिदोष में संतुलन बनाने में किया जाता है,इसके अलावा आयुष विभाग द्वारा वात रोग, उदर रोग, मधुमेह, कास श्वास, एनीमिया, ज्वर, श्वेतप्रदर आदि रोगों लिए भी कैंप के तहत उपचार उपलब्ध कर रहा है। महिला बाल विकास विभाग कुपोषण की पहचान कर उसके कारणों को दूर करने पर कार्य करता है, पोषणयुक्त भोजन की जानकारी का अभाव कुपोषण के सबसे प्रमुख कारणों में से एक है जिसके लिए आंगनबाडी के माध्यम से लोगों को अंकुरित अनाज, टीएचआर से निर्मित केक, मुनगा की पूरी और भाजी, पोषक अनाज के विविध पकवान प्रदान किये जा रहे है. जो की भोजन के माध्यम से कार्बोहाईड्रेट, वसा, विटामिन, प्रोटीन की प्राकृतिक रूप से पूर्ति करते है और बच्चों में खाने के प्रति रूचि बढ़ाते है, जिससे आयु के अनुरूप उनमें उचित वृद्धि होती है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप में आये लोगों की बीपी, डायबिटीज और रक्त की जाँच की जाती है, जाँच के आधार पर रोगियों को अवश्यकता अनुसार जिला अस्पताल रेफेर किया जाता है, गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी भेजा जाता है। कैंप में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मल्टीविटामिन, कैल्शियम, ओआरएस, एलबेंडाजोल, एंटीबायोटिक जैसी दवाइयाँ वितरित की जाती है। आज आयोजित रेवा कैंप कुल 1095 लोग लाभान्वित हुए, जिनमें से 12 बच्चे सैम और 16 बच्चे मैम श्रेणी में चिन्हित किये गए, एक महिला कैंप के दौरान हाई रिस्क श्रेणी में चिन्हित की गयी। वार्ड नं. 11 यात्रा प्रतीक्षालय बस स्टैण्ड डिंडौरी में 125, ग्राम पंचायत दुनिया बघाड़ ग्राम पंचायत रामगुड़ा डिंडौरी में 130, वार्ड नं. 3 मानस भवन शहपुरा में 136, ग्राम पंचायत भिलाई माल शहपुरा में 102, ग्राम दिवारी ग्राम पंचायत कमको मोहनिया जनपद पंचायत अमरपुर में 100, ग्राम बोना ग्राम पंचायत पिपरिया जनपद पंचायत बजाग में 148, ग्राम पंचायत पंड़रीपानी जनपद पंचायत करंजिया में 147, ग्राम ताला ग्राम पंचायत भलवारा जनपद पंचायत मेंहदवानी में 114, ग्राम पंचायत धुरकुटा जनपद पंचायत समनापुर में 93 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

स्वच्छता के क्षेत्र में निभाये सक्रिय हिस्सेदारी- कलेक्टर

अनूपपुर। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कहा कि जिले के सभी नगर पालिका अधिकारी स्वच्छता के क्षेत्र में सक्रिय हिस्सेदारी निभाये और अपने-अपने शहरों को सुंदर और स्वच्छ शहर बनायें तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाएं। इसके लिए सभी नगर पालिका अधिकारी समन्वित प्रयास करके स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर योगदान दें। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य करें। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत जिले के सभी नागरिकों को समझाइस दी जाए की स्वच्छता कोई कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह एक जीवन शैली है, इस जीवन शैली को सभी को अपनाना है। उन्होंने कहा कि नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु सभी नागरिकों का योगदान बहुत ही आवश्यक है। कलेक्टर नगरीय क्षेत्रों में बेहतर साफ सफाई, जल प्रबंधन, पर्याप्त मशीन एवं उपकरण, अधिसूचना, शिकायत एवं समाधान, जागरूकता अभियान, सिवरेज उपचार सहित अन्य विभिन्न विषयों के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कार्यशाला में कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा कि सभी के समन्वित प्रयास से जिले के सभी नगरीय निकायों को सुंदर और स्वच्छ बनाना है। इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। इस दौरान कलेक्टर ने नगरों में हो रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। बैठक में कलेक्टर ने सभी नगर पालिका अधिकारियों से आत्मनिर्भर वार्ड की जानकारी प्राप्त की तथा उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का भी आयोजन समय-समय पर करें।

कार्यशाला में प्रोजेक्ट मैनेजर एसबीएम सज्जन सिंह एवं धीरेंद्र दुबे ने कार्यशाला में नगर पालिका अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत कचरा प्रबंधन, जलाशयों में स्वच्छता अभियान, स्वच्छता में स्कूलों को जोड़ने की कार्यवाही, नगरों में जिला सूखा एवं तरल अपशिष्ट निस्तारण प्रबंधन सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रयास कर कैसे कार्य करना है तथा उन सभी कार्यों का सोशल मीडिया समाचार पत्रों के माध्यम से कैसे बेहतर प्रचार प्रचार करना है, के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के मूल्यांकन मापदंडों का भी जानकारी प्रदान किया।

महिला और बच्चों संबंधी अपराधों पर कसें नकेल, थानों में जप्त वाहनों का करें निराकरण

-अपराध समीक्षा बैठक में डीआईजी ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी। उप पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट जोन ने शनिवार को जिले की अपराध समीक्षा बैठक लेते हुये महिला और बाल अपराधों की रोकथाम और निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश जिला पुलिस बल को दिये हैं। इसके साथ ही सभी थानों में विभिन्न अपराधों में जप्त वाहनों से संबंधित जानकारी जुटाने एवं जप्ती कार्रवाई के शीघ्र निदान करने भी कहा है। अपराधों की समीक्षा करते हुऐ डीआईजी मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने एक साल से लंबित मर्ग के निराकरण के निर्देश भी जारी किये हैं। उन्होंने थाना एवं चैकी क्षेत्रों में सतत भ्रमण, जन संबाद, गस्त, वाहन चैकिंग, गुंडा बदमाशों पर नजर रखने और अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिये हैं। बैठक के उपरांत सिटी कोतवाली का निरीक्षण करते हुऐ डीआईजी मुकेश श्रीवास्तव ने कोतवाली में जप्त वाहनों का मुआवना करते हुये उपस्थित पुलिस जवानों से उनकी गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विवेचना के तरीकों, ठगी के मामलों, गुम इंसानों, शिकायतों पर कार्रवाई करने के गुण भी अधीनस्थों को बतलाये और अच्छे प्रदर्शन पर ईनाम देने का आश्वासन भी दिया है। मालखाना, आगंतुक और विवेचक कक्षों का निरीक्षण करते हुये उप पुलिस महानिरीक्षक ने हवलदारों को दस्तावेज संधारण, ग्राम अपराध पुस्तिका सहित अन्य जरूरी कामों की अहमियत से भी अवगत कराया है। इस दौरान पुलिस कप्तान श्रीमती वाहिनी सिंह, एएसपी जगन्नाथ मरकाम, एसडीओ पी के के त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी मोहन सिंह धुर्वे, उपनिरीक्षक अनुराग जामदार सहित तमाम पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

सोशल मीडिया पर धर्म एवं जाति विरोधी पोस्ट के विरोध में सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की माँग

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी। जिले के गाड़ासरई निवासी सहायक बी.ई.ओ.बजाग पर पदस्त धनेश परस्ते के द्वारा 16 मई को एक ऑफिसियल व्हाट्सएप ग्रुप पर ब्राम्हण समाज हिंदू धर्म के खिलाफ अशोभनीय शब्दो का उल्लेख कर पोस्ट किया गया था। जिसमे जिले के बजाग, गोरखपुर, करंजिया, गाड़ासरई, समनापुर तमाम जगहों से ब्राम्हण समाज वा हिंदू धर्म प्रेमियों में आक्रोश व्याप्त है। इसी बात का विरोध करते हुए क्षेत्र से सभी समाज के लोगो ने मिल कर पुलिस थाना गाड़ासरई पहुंच कर लिखित में शिकायत दर्ज कराया है, धर्म विरोधी धनेश परस्ते के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग किया है। वही लोगो का कहना है कि धनेश परस्ते का हमेशा का आदत है इसी प्रकार अनेकों बार फेसबुक, व्हाट्सएप में कई ऐसे आपत्तिजनक टिप्पणी ब्राम्हण समाज हिंदू धर्म के खिलाफ पोस्ट करते है। फिलहाल थाना प्रभारी के मार्गदर्शन पर सहायक उपनिरीक्षक एस.आई.बघेल एवं एस.आई धुरव सिंह के द्वारा आवेदन(ज्ञापन)स्वीकार कर लिया गया है,साथ ही उक्त मामले की जांच कर धनेश परस्ते के खिलाफ कार्यवाही करने की आश्वाशन दिया गया है।

क्या है वह पोस्ट- धनेश परस्ते के द्वारा सोशल मीडिया व्हाट्सएप पर अशोभनीय टिप्पणी में ब्राम्हण समाज के लिए लिखा कि ष्ब्राम्हण अपने मरे हुए बाप को जीवित नही कर सकता और पत्थर की मूर्ति में प्राण डाल कर लोगों को लूट रहे है इस बात को लेकर हिंदू धर्म प्रेमियों को बहुत ज्यादा ठेस पहुंची है, साथ ही ऐसे शिक्षित समझदार शासकीय कर्मचारी के द्वारा टिप्पणी करना बहुत ही निंदनीय है। ज्ञापन सौंप कर माँग की है कि धनेश परस्ते के खिलाफ जल्द से जल्द आवेदन की जांच कर कठोर कार्यवाही करें जिससे कि भविष्य में धनेश परस्ते के द्वारा ऐसी शब्दों का उपयोग न किया जाए, साथ ही ऐसे घटना से उन लोगों को भी सीख, सबक मिले जो हमेशा हिंदू धर्म के खिलाफ अनर्गल आपत्तिजनक टिप्पणी करते है। उक्त कार्यवाही पर जिले के बजाग, करंजिया, गोरखपुर, समनापुर, गाड़ासरई छेत्र के आसपास के सभी हिंदू धर्म समाज के लोगो ने अपनी उपस्थिति पुलिस थाना गाड़ासरई में दिया जिसमें दिगंबर पाठक, कैलाश मरावी सरपंच ग्राम पंचायत पडरिया डोंगरी, कुलदीप नंदा, सेवा यादव, ज्ञान सिंह मरावी, सुभाष कुरचाम सरपंच ग्राम पंचायत भुरसी, बलराम सोनवानी, चमरू यादव, शिवचंद धुर्वे, लालू बगदरिया, शोभित मरावी, राजेंद्र प्रसाद दुबे जिला महामंत्री भाजपा, संजय साहू प्रदेश प्रतिनिधि प्रभारी बीजेपी, राजेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष गाड़ासरई भाजपा, राजेंद्र सिसोदिया, प्रकाश मिश्रा प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल बच्छर गांव, रविंद्र सोनी, बोधन वनवासी, चंचल दुबे अध्यक्ष ब्राम्हण समाज ब्लॉक गाड़ासरई, कृष्णा उपाध्याय, महेश उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, सतीश शर्मा, चंद्रकांत दुबे, राम प्रसाद दुबे, केशव प्रसाद तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष, गजेंद्र पांडे, विजय शुक्ला, जितेंद्र पांडे, ललित द्विवेदी, प्रमोद उपाध्याय, उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत चाड़ा में होगा विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी। इस संबंध में कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में एडीएम सरोधन सिंह की उपस्थिति में संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी ने आज कलेक्टर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन, एसडीएम बजाग आरपी तिवारी, सीएमएचओ रमेश मरावी ,आयुष विभाग डॉ समीक्षा सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इस स्वास्थ्य कैंप में समनापुर, बजाग,करंजिया से आने वाले हितग्राहियों को विकासखंडवार दो दो काउंटर अलग-अलग स्थान पर लगाए जाएंगे, जिससे पंजीयन करने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो सके। यह कैंप दिनांक 26 मई 2024 दिन रविवार को सुबह 8.30 बजे से शाम 3.00 बजे तक संचालित किया जाएगा। यह कैंप डिंडोरी जिले के स्थापना दिवस के अवसर पर बैगाचक क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में निवासी देगा जनजातियों को विशेष सुविधाएं देने की उद्देश्य से कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों के द्वारा उपचार किया जाएगा । विशाल स्वास्थ्य कैंप में कैंसर, स्तन कैंसर, मुंह का कैंसर, हृदय रोग, मुख बंदर कटे फटे हॉट समस्त सर्जिकल, महिलाओं से संबंधित बीमारियों का इलाज होगा। जो पूर्ण रूप से निःशुल्क होगा।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

10

जबलपुर, रविवार 19 मई 2024

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

सर्व ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

नरसिंहपुर । गत दिवस करेली में मदार टेकरी मंदिर में पुजारी की हत्या का आज तक नही मिला सुराग वही परिवार को न्याय दिलाने सर्व ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के निवास गोटेगांव पहुँचे और केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के नाम से पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल को ज्ञापन सौपा वही मंदिर पूजरी की परिवारिक स्थिति के बारे में सर्व ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने पूर्व राज्यमंत्री को अवगत करवाया वही पूर्व राज्यमंत्री ने तुरंत एसपी अमित कुमार को फोन कर हत्या की जांच के बारे में बात की और परिवार को शासन के द्वार दी जाने वाली आर्थिक सहायता के साथ अपनी और से परिवार को सहायता देने का सर्व ब्राह्मण सभा को आश्वासन दिया।

ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति हुआ घायल

नरसिंहपुर । करेली रेलवे फाटक के पास से निकल रहा अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया था वही उसे स्थानीय लोगों ने बेहोश अवस्था में उपचार के लिए करेली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे 108 एम्बुलेंस की सहायता से नरसिंहपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जहां घायल का उपचार किया जा रहा है।

जंगली सुअर ने किया हमला, युवक घायल

नरसिंहपुर । कोतवाली थाना अंतर्गत समनापुर बरेला निवासी योगेश पिता मुनीम मलाह उम्र 23 वर्ष को सरसला खेत पर कृषि कार्य करते समय जंगली सुअर ने हमला कर काट दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया वही उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां घायल का उपचार किया जा रहा हैं।

खूंटा गाड़ने को लेकर भाभियों ने देवर को पीटा

नरसिंहपुर । ठेमी थाना अंतर्गत ग्राम मलाह पिपरिया के रहने वाले दयाल सिंह पिता निरंजन सिंह लोधी उम्र 26 वर्ष के साथ उसकी ही दो भाभियों ने जमकर लाठी डंडे से मारपीट कर दी। वही दयाल ने बताया कि दोनो सगी भाभी दुर्गा बाई और प्रीति बाई ने लकड़ी का खुटा गड़ाने को लेकर विवाद किया और उसके साथ मारपीट कर दी जिससे उसे सिर में गंभीर चोट आ गई। वही उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

सीएम डॉ यादव का आगमन आज

नरसिंहपुर । नगर के किसानी मोहल्ला में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के भतीजे पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के पुत्र स्व. मणिनागेंद्र सिंह मोनू भैया की स्मृति में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का आज समापन के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए मध्यप्रदेश के लाडले मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का आज गोटेगांव आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री गोटेगांव में स्व. मणि नागेंद्र सिंह पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे तथा मोनू भैया की पुण्य स्मृति में हो रही भागवत कथा के समापन पर नगर देवता श्री ठाकुर बाबा मंदिर में आयोजित होने वाले भंडारे में भी शामिल हो सकते हैं।

मतगणना के संबंध में बैठक 21 को

नरसिंहपुर । लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतगणना 4 जून को सम्पन्न होगी। मतगणना के संबंध में आवश्यक बैठक 21 मई को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। इस बैठक में मतगणना के दिशा- निर्देशों से अवगत कराया जायेगा। इस संबंध में

आरोपी गिरफ्तार, गोटेगांव पुलिस की कार्रवाई

मारपीट से युवक की मौत, मछली चुराने का आरोप

नरसिंहपुर। तालाब से मछली निकालने के विवाद पर एक युवक को कुछ लोगों ने बेरहमी से मारपीट की जिससे उसकी मौत हो गई । थाना क्षेत्र गोटेगांव निवासी 39 वर्षीय महबूब खान, पिता मुन्ना खान पर हत्यारों ने उस समय हमला कर दिया, जब वह सब्जी लेकर अपने घर वापस जा रहा था। तभी क्षेत्र के ही रहने वाले पांच युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी और लाठी से उसको बुरी तरह घायल कर वहां से भाग खडे. हुए। परिवार के लोग जब युवक को गोटेगांव सामुदायिक केंद्र पहुंचे तब चिकित्सकों ने उसे जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

मामला इस प्रकार

विगत दिवस कटकुही निवासी व्यक्ति के साथ अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट करने एवं घायल को उपचार हेतु गोटेगांव ले जाये की सूचना पर चैकी झौतेश्वर की पुलिस टीम गोटेगांव पहुंची जहॉ घायल की पत्नी आलिमा बी, निवासी कटकुही ने बताया कि उसका पति महबूब खान तालाब से मछली निकालने का कार्य करता हैं। रोजाना की तरह तालाब से मछली निकाल कर वापस घर आ रहा था तभी ईश्वर रैकवार पिता भैया लाल रैकवार उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम नगवारा, धन्नू लाल पटेल पिता रेवा राम पटेल उम्र 60 वर्ष निवासी बगासपुर, उत्तम पटेल पिता धन्नू लाल पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी बगासपुर, राजेश पटेल, निवासी गोटेगांव मिले और मछली निकालने की बात पर उसके साथ लाठी लाठी-डंडो से उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। महबूब को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां शुक्रवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये आरोपियों के विरूद्ध चैकी झौतेश्वर में अपराध क्रमांक 415-2024 धारा 302, 147, 148, 149, भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

भागने की फिराक में थे आरोपी

घटना को अंजाम देने वाले आरोपी एवं एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लेने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम का गठन कर आरोपियों एवं अपचारी बालक की पतासाजी कर अभिरक्षा में लेने हेतु निर्देश दिये थे। गठित की गयी टीम द्वारा सरगर्मी से पतासाजी की गयी साथ ही तकनीकी माध्यमों से जानकारियों को एकत्रित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप हुए जानकारी प्राप्त हुयी कि उक्त आरोपी भागने की फिराक में है। सूचना अनुसार तत्काल कार्यवाही करते हुये ईश्वर रैकवार पिता भैया लाल रैकवार उम्र 18 वर्ष, निवासी ग्राम नगवारा, धन्नू लाल पटेल पिता रेवा राम पटेल उम्र 60 वर्ष, निवासी बगासपुर, उत्तम पटेल पिता धन्नू लाल पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी बगासपुर, एवं एक 16 वर्षीय अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया गया हैं। वहीं एक आरोपी राजेश पटेल निवासी गोटेगांव फरार होने में सफल हो गया जिसे अविलंब अभिरक्षा में ले लिया जावेगा।

परिवार का का चला गया सहारा

परिजनों ने बताया, कि महबूब हमारे परिवार का पालन पोषण करता था। परिवार में महबूब की मां, पिता, पत्नी एवं दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। बड़े बेटे का नाम जुबेर खान उम्र 6 वर्ष है, वही बिटिया जुनेरा जिसकी उम्र 3 वर्ष है। इस घटना से उनके परिवार को क्षति हुई है, उन्होंने कहा कि अब हमारे परिवार का पालन, पोषण करने वाला कोई नहीं है। परिवार के लोगों ने पुलिस को पूछताछ में बताया, कि मृतक महबूब खान द्वारा ग्राम काटकोही में तालाब से मछली निकल ली गई थी, जिसको लेकर तालाब ठेकेदार ग्राम कटकुही निवासी धन्नू पटेल, उत्तम पटेल, ईश्वर कहार, कालू विश्वकर्मा, राजेश पटेल पे इस घटना को अंजाम दिया।

इनकी रही भूमिका

चैकी झौतेश्वर अंतर्गत हुई हत्या के प्रकरण के आरोपी एवं अपचारी बालक को चंद घंटों के अंदर अभिरक्षा में लेने में अति. पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया, एसडीओपी, गोटेगांव, श्रीमति भावना मरावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोटेगांव, सहदेवराम साहू, चैकी प्रभारी, झौतेश्वर उनि रितु उपाध्याय, सउनि सुरेश धुर्वे, प्रधान आरक्षक, धर्मेन्द्र, सैनिक रतन की सराहनीय भूमिका रही।

राज्य सूचना आयोग ने प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

नरसिंहपुर । मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के माध्यम से किए गए उत्कृष्ट कार्यों को लेकर करेली निवासी आरटीआई एक्टिविस्ट रमाकांत कौरव को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। मध्यप्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त राहुल सिंह द्वारा गुरुवार को भोपाल में यह प्रशस्ति प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने तथा कार्यप्रणाली में खुलेपन व सत्यनिष्ठा की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में ईमानदार प्रयास करते हुए समाज की बेहतरी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रदेश के कुछ चुनिंदा आरटीआई कार्यकर्ताओं को मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग द्वारा यह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। विदित हो कि आमजन को सूचना का अधिकार अधिनियम के रुप में एक बहुत बड़ी ताकत प्राप्त है जिसका प्रयोग कर आम आदमी शासन प्रशासन से उन तमाम जानकारियों दस्तावेजों को मांग सकता है जिन्हे संबंधित विभाग द्वारा लोकसभा या विधानसभा के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है। परंतु इस अधिनियम से सम्बन्धित जानकारी के अभाव में लोग इसका उपयोग नहीं कर पाते हैं। आरटीआई कार्यकर्ताओं द्वारा इस एक्ट का उपयोग कर लोगों को जागरुक करने का कार्य किया जाता है।

समर कैंप मे निखर रही विद्यार्थियों की प्रतिभा

नरसिंहपुर । लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेश के परिपालन में व कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले में विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के उद्देश्य से समर कैम्प का आयोजन 13 जून 2024 तक की अवधि में प्रातः 08 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एचपी कुर्मी ने बताया कि पीएम शासकीय विद्यालय करकबेल में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में छात्र- छात्राओं द्वारा अपनी रुचि के अनुसार सहभागिता की जा रही है। प्राचार्य रघुवीर प्रसाद लोधी द्वारा छात्र-छात्राओं में खेल एवं कौशल विकास की रचनात्मक गतिविधियां हेतु विद्यालय स्तर पर समुचित संसाधनों की व्यवस्था की गई है।

विद्यालय में बच्चों की रुचि अनुसार खेल, कबड्डी व कृषि संबंधी कार्यों का प्रशिक्षण समर कैंप के दौरान दिया जा रहा है। व्यायाम शिक्षक के एस झारिया द्वारा बच्चों की रुचि के अनुसार खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य द्वारा जैविक खेती के लाभ से बच्चों को प्रशिक्षित कर अवगत कराया जा रहा है। खेलों का प्रशिक्षण, पेंटिंग, डांस, संगीत, विद्यार्थियों की अभिरूचि के अनुसार अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां में बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता दी जा रही है।

कॉलेज प्रशासन की लापरवाही, बांटा गया गलत पेपर

नरसिंहपुर । ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगावं लापरवाह प्रोफेसर और प्राचार्य की उदासीनता के चलते अब शिक्षाहीन होता नजर आ रहा है। ना तो यहां सही समय पर क्लास लगती है और ना ही कोई शैक्षिक गतिविधियां विद्यार्थियों के समक्ष की जाती हैं। आए दिन लापरवाही के चलते महाविद्यालय का लापरवाही पूर्वक रवैया क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पर पातीला लगा रहा है। इसी क्रम में लापरवाही का जखीरा तक फूटा जब पढ़ाई के बाद अब पेपर में भी लापरवाही बरती गई । शनिवार को कक्षा बी.काम तृतीय वर्ष एकाउंट मैनेजमेंट विषय का पेपर था लेकिन इनकम टैक्स का पेपर बांट दिया गया जिसके बाद विद्यार्थियों ने अपने सरल क्रम में हल करना शुरू कर दिया लेकिन कुछ समय बाद ज्ञात हुआ कि पेपर बदल चुके हैं जिस लापरवाही का करण महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर सहित शिक्षक हैं जिन्होंने बिना समझी जांचें विद्यार्थियों को पेपर वितरित कर दिए और विद्यार्थियों ने हल करना शुरू कर दिया इसके बाद पेपर का समय निकल गया और सही पेपर विद्यार्थियों तक नहीं पहुंच पाया। महाविद्यालय के जिम्मेदारों ने अपनी लापरवाही को छुपाने के लिए शातिराना अंदाज से रानी दुर्गावर्ती विश्वविद्यालय जबलपुर से प्रिंट कॉपी मंगवाकर प्राइवेट ऑनलाइन दुकान से होने वाले पेपर की फोटो कॉपी निकलवाई जिसके पास उन प्रिंट कॉपियों को अध्यनरत विद्यार्थियों को वितरित किए गए इसके बाद परीक्षा का क्रम जारी रहा लेकिन अब तक परीक्षा समय समाप्त हो चुका था। लेकिन मनमर्जी के मालिक महाविद्यालय के जिम्मेदारों टाइम समाप्त होने के बाद पेपर वितरण कराया और विद्यार्थियों सी पुनः परीक्षा ली। जब इस मामले ने तूल पकड़ा तो कॉलेज परिसर में हलचल मच गई कोई प्रचार की सफाई बता रहा तो कोई प्रचार की अनुपस्थिति बता रहा लेकिन जब कागजी दस्तावेजों में छानबीन की गई तो पता लगा कि प्राचार्य बी.डी कोष्टी महाविद्यालय तो आए लेकिन कुछ ही समय में पलायन हो गए। इसके अलावा जिम्मेदार कहीं जाने वाली प्रोफेसर अन्नपूर्णा कोस्टा पल भर के लिए

महाविद्यालय आई और ताला लगाकर चली गई यही वजह रही कि महाविद्यालय को अपनी लापरवाही छुपाने के लिए प्रिंट कॉपी मंगवाकर फोटो कॉपी का सहारा लेना पड़ा। महाविद्यालय के एक जिम्मेदार पद पर होते हुए भी प्राचार्य भी.डी कोष्टी परीक्षा टाइम महाविद्यालय से नदारत रहे। जब इस मामले की छानबीन की जा रही थी तब कोष्टी महाविद्यालय में नजर नहीं आए बताया जाता है कि प्राचार्य घंटे दो घंटे के लिए महाविद्यालय आते हैं और खाना पूर्ति करके चले जाते हैं जिसका खामियाजा प्रोफेसर एवं स्टाफ को उठाना पड़ता है जिसके अभाव से महाविद्यालय में लापरवाही का अभाव बना रहता है ।

इनका कहना है

परीक्षा में लापरवाही बरती गई है तत्कालीन परिस्थितियों का जायजा लिया पाया गया कि जिम्मेदार प्रोफेसर एवं कॉलेज के प्राचार्य परीक्षा केंद्र अध्यक्ष मौके पर उपस्थित नहीं है। परीक्षा में जो लापरवाही बरती जा रही है यह जांच का विषय है दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी ।

महेश वट्टी, तहसीलदार गोटेगांव

एसडीएम कार्यालय में पीने के पानी व बैठक व्यवस्था का अभाव, गंदगी पसार रही पैर

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर । जिला मुख्यालय के एसडीएम कार्यालय में भीषण गर्मी में भी पानी की व्यवस्था नहीं की जा रही है पानी की टंकी व वाटर नल सप्लाई खराब पड़ी हुई है। जिससे पानी की विकराल समस्या बनी हुई। वहीं देखा जाए तो एसडीएम कार्यालय के सामने पड़ी कुर्सियां भी क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। क्षतिग्रस्त होने के कारण अचानक कुर्सियों पर बैठने वाले व्यक्ति गिर कर घायल हो चुके हैं। वहीं देखा जाए तो एसडीएम व तहसील परिसर में जहां देखो वहां कचरे के ढेर लगे हुए। साफ-सफाई का अभाव होने के मच्छरों का आतंक बना रहता है। इस परिसर में एसडीएम व तहसील विभाग के अलावा आदिम जाति कल्याण विभाग, निर्वाचन विभाग, जिला अभियोजन कार्यालय स्थित हैं इसके अलावा इसी परिसर के अंदर से गुजरकर कलेक्ट्रेट अधिकारी-कर्मचारियों का आना जाना लगा रहता है। इसी प्रांगण में हनुमान जी का मंदिर भी बना हुआ है। इसके बाद भी इस परिसर की हालत दयनीय स्थिति में है। इन समस्याओं का जिम्मेदार अधिकारियों को शीघ्रता से निराकरण करना चाहिए जिससे परिसर में स्वच्छता दिखे।

असामाजिक तत्वों की शरणस्थली बनते जा रहे जर्जर भवन

तेंदूखेड़ा

नगर के हृदय स्थल में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जर्जर भवन असामाजिक तत्वों की शरणस्थली के साथ अघोषित कचड़ा घर बन गया है।इस भवन का उचित तरीके से रख रखाव ना होने की स्थिति में यहां पर नशैलचियों का अड्डा बनने के साथ घरों से निकलने वाला कचड़ा डल जाने से गंदगी फैलाने वाले जानवरों की आराम स्थली बना हुआ है। गौरतलब रहे कि पूर्व में यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चलता था।तीस बिस्तर वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अन्यत्र बाहर बन जाने के बाद यह भवन तभी से अनुपयोगी बना हुआ है उचित देखभाल रखरखाव ना होने के साथ साथ इस भवन भवन पर विशालकाय पीपल का वृक्ष गिर जाने के कारण संपूर्ण परिसर क्षतिग्रस्त हो गया है। नगर के बीचों बीच खंडहर स्थिति में पडे रहने के कारण आस पास का माहौल भी खराब लगता है।

बन सकता है व्यवसायिक काम्प्लेक्स

इस भवन का यदि सार्थक दिशा में उपयोग हो जाता है तो एक अच्छा स्पाट बनने के साथ बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। पूर्व में इस भवन को नगर परिषद ने अपने अधिकार क्षेत्र में लेने आवश्यक कागजी घोड़े भी दौड़ाये थे लेकिन वे भी सब दिन चले अढ़ाई कोस ही चरितार्थ हुये।यह परिसर मुख्य बाजार के बीच में स्थित है। यहां पर सुंदर व्यवसायिक काम्प्लेक्स भी बन सकता है। जिसमें युवाओं को रोजगार के लिए अवसर मिलने लगेंगे एवं जगह का सदुपयोग के साथ परिषद की राजस्व आय में भी बढ़ोत्तरी हो सकेगी। इस विषय को पिछले दिनों एक भारत विकास संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के दौरान मांग पत्र में यह विषय प्रमुखता से उठाया गया था।चूंकि नगर में और भी ऐसे शासकीय भवन खंडहर पड़े हुए हैं जिनका सार्थक दिशा में उपयोग ना हो पाने के कारण अतिक्रमण हो जाने के बाद से आज तक किसी ने भी इस दिशा में कोई पहल नहीं की।लोक निर्माण विभाग की कालौनी भी चारों तरफ से अतिक्रमण की चपेट में होने के साथ गंदगी फैलाने वाले जानवरों की पनाहगाह वनी हुई है। कृषि विभाग और स्वास्थ्य तथा शिक्षा विभाग से संबंधित कुछ भवनों को नगर परिषद को अपने हैंडओवर लेने के साथ सार्थक दिशा में उपयोग किया जाना चाहिए। संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी चाहिए कि अपनी संपत्तियों का उचित रखरखाव करें और अतिक्रमण होने से बचायें।आज भी तेंदूखेड़ा में शासकीय भूमि पर धड़ल्ले से अतिक्रमण होता चला जा रहा है।

बिजली की आंख मिचैली से नहीं मिल पा रहा निजात

तेंदूखेड़ा- इन दिनों तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा में बिजली की अघोषित कटौती से जहां उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता चला जा रहा है।वहीं इस समस्या से निजात भी नहीं मिल पा रहा है।हर आधे घंटे में बिजली की अघोषित आंख मिचैली सोचनीय विषय बना हुआ है। इस समस्या के पीछे जो मुख्य कारण निकलकर सामने आ रहा है उसके पीछे जर्जर विद्युत केबिल लाइन है। गर्मी के दिनों में अधिक लोड होने के कारण लाइन हीट होकर टूट कर गिर रही है। थोड़े से ही हवा के झोके में अचानक लाइन फाल्ट हो जाना, कभी जम्फर टूट जाना, तो बड़ी लाइन से बिजली बंद हो जाना तहसील मुख्यालय पर अब विषय आम हो गया है। चूंकि यह कोई आज का नया विषय नहीं है। तेंदूखेड़ा के विभिन्न वार्डों में जर्जर विद्युत केबिल लाइन डली हुई है।जो आये दिन टूट कर गिर जाती है। लाइन टूटकर गिरने या हवा के झोंके के कारण जहां आम उपभोक्ता भीषण गर्मी में परेशान हो जाते हैं वहीं विद्युत कर्मी भी टार्च के उजाले में आधी रात को लाइन ठीक करने खंबों पर सुधार कार्य करते हुए देखे जा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों के भी गंभीर स्थिति

यह स्थिति केवल तेंदूखेड़ा ही नहीं है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही स्थिति बनी हुई है। लंबे समय तक बिजली गुल रहना। गांव में अंधेरा बने

रहने के कारण लोग मनोरंजन के साधनों तथा कम्प्यूटर फोटो कापी तथा बिजली से चलने वाले काम बंद पड़े रहते हैं। वहीं पेयजलापूर्ति व्यवस्था भी लड़खड़ा जाती है। मवेशियों को पीने के पानी से लेकर निस्तार के पानी के लिए परेशान होना पड़ता है।

प्रभावित होते हैं धंधे

इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और बीच-बीच में छुटपुट वरसात हो जाने की स्थिति में बीच में ही बिजली गुल हो जाने के कारण उमस भरी गर्मी के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो जाता है। वहीं बिजली से चलने वाले उपकरण और विद्युत पर आश्रित धंधों की यह स्थिति बनी हुई है कि कृषि यंत्र बनाने वाले कारखाने , फोटो कापी, कम्प्यूटर दुकान दार,आटा चक्की व्यवसायी हाथ पर हाथ रख कर बैठे रहते हैं। मेंटनेंस को लेकर भी दिन दिन भर लाइन बंद रखना मानवीय दृष्टिकोण से न्याय संगत नहीं लगता। वैसे भी लोग तेज धूप के बीच अपना दिन किस तरह से निकाल रहे हैं ऊपर से आने वाले दिनों में मेंटनेंस को लेकर शाम पांच बजे तक लाइन बंद रखने से उपभोक्ता परेशान हो जाते हैं।इस समय सुबह जल्दी शुरू हो जाये और दोपहर 12 बजे तक मेंटनेंस हो जाता है तो निश्चित उपभोक्ता भी परेशान नहीं होंगे और कर्मचारी भी चिलचिलाती धूप में नहीं झुलस पायेंगे।

लाइन बदलने हो चुका है वर्क आर्डर

विद्युत आपूर्ति को लेकर जब हमारे प्रतिनिधि ने तेंदूखेड़ा के विद्युत अधिकारी संदीप डोडे से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि तेंदूखेड़ा के कुछ वार्डों में विद्युत केविल लाइन बदलनी है। लाइन बदलने को लेकर संबंधित ठेकेदार को वर्क आर्डर भी हो चुकें हैं शीघ्र ही विद्युत केबिल लाइन बदलते ही सुधार संभव है।